**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.2580**
**22 दिसंबर, 2022 को उत्तर के लिए**

## फ्रीहोल्ड स्वामित्व अधिकार

**2580. श्री सुनील कुमार सिंह:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने उन लीजहोल्ड वाणिज्यिक संपत्तियों/दुकानों को फ्रीहोल्ड स्वामित्व अधिकार देने की घोषणा की है जो डीडीए द्वारा पट्टे पर दी गई भूमि पर निजी बिल्डरों द्वारा निर्मित हैं; और

(ख) यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और इन सभी वाणिज्यिक संपत्तियों को कब तक फ्रीहोल्ड कर दिया जाएगा?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री कौशल किशोर)**

(क): दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने 13.12.2019 को दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिनमें डीडीए द्वारा निजी बिल्डरों/डेवलपर्स को पट्टे पर दिए गए वाणिज्यिक भूखंडों पर इमारतों में व्यक्तिगत स्थान/दुकान खरीदार की संपत्तियों को फ्रीहोल्ड करने की अनुमति दी गई है।

(ख): 14.12.2022 की स्थिति के अनुसार 183 आवेदन प्राप्त हुए हैं और इन आवेदनों की स्थिति निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| अनुमोदित | 19 |
| अस्वीकृत | 01 |
| कमी (आवेदक के पास लंबित) | 70 |
| प्रक्रियाधीन (डीडीए में) | 93 |
| कुल | 183 |

लीज होल्ड से फ्रीहोल्ड में रूपांतरण की नीति एक वैकल्पिक नीति है, इसलिए कोई समय सीमा निर्दिष्ट नहीं की जा सकती है।

****